
# मोदी बुंदेलखंड को सौगातें देंगे, योगी ने तैयारी परखी

नई दिल्ली/ लखनऊ/महोबा | हिटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के झांसी और महोबा जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान 6250 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

प्रधानमंत्री के दौरे और रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महोबा पहुंचे। उन्होंने रैली की तैयारियों के बाबत अफसरों को निर्देश दिए व मंच का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने चरखारी में अर्जुन बांध परियोजना भी देखी व नहर किनारे खड़े होकर सेल्फी ली।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री जल संकट को दूर करने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अपराह्न लगभग पौने तीन बजे महोबा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से इस क्षेत्र में जल की कमी की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी और किसानों को आवश्यक राहत मिलेगी। इन परियोजनाओं में अर्जुन सहायक परियोजना, रतौली वियर परियोजना, भवानी बांध परियोजना और मझगांव-मिर्च छिड़काव परियोजना शामिल हैं। कुल लागत 3250 करोड़ रुपये से अधिक है। > फायदा होगा पेज12